1531

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा

<u>अभिषद् की बैठक दिनांक 18.10.2025 का कार्यवृत्त</u>

समयः 12:30 बजे अपराह्न
स्थानः कुलपति कार्यालय का सभाकक्ष
माध्यमः Hybrid मोड।
<u>उपस्थितिः</u>

1.	प्रो0 संजय कुमार चौधरी, कुलपति	–	अध्यक्ष
2.	प्रो0 अशोक कुमार मेहता	–	सदस्य
3.	डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी	–	सदस्य
4.	डॉ0 अमर कुमार (ऑनलाईन)	–	सदस्य
5.	डॉ0 अनिल कुमार चौधरी (ऑनलाईन)	–	सदस्य
6.	डॉ0 गुलाम सरवर (ऑनलाईन)	–	सदस्य
7.	डॉ0 वीरेन्द्र कुमार चौधरी (ऑनलाईन)	–	सदस्य
8.	डॉ0 विजय कुमार यादव	–	सदस्य
9.	डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी	–	सदस्य
10.	डॉ0 दिव्या रानी हंसदा, कुलसचिव	–	सचिव

अध्यक्ष महोदय को सचिव द्वारा गणापूर्ति की सूचना प्रदान करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुमति माँगी गई। अनुमति प्राप्ति के पश्चात सचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की विधिवत् कार्यवाही प्रारंभ की गई।

मद सं0 1 अधिषद् की प्रस्तावित बैठक की तिथि एवं राजभवन से अनुमोदन हेतु आवश्यक कार्रवाई पर विचार।

निर्णय : सर्वप्रथम, डॉ0 अजय कुमार झा, नवनियुक्त प्राभारी प्रदाधिकारी, प्राधिकार शाखा का सदन की ओर से अभिवादन एवं स्वागत किया गया।

तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमति से प्रभारी पदाधिकारी, प्राधिकार शाखा के द्वारा आगामी अधिषद् की प्रस्तावित तिथि तथा उसके पूर्व आयोजित कार्यक्रमों तथा विभिन्न निकायों के बैठक की प्रस्तावित तिथियों को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अधिषद् की आगामी बैठक दिनांक 24.01.2026 या 27.01.2026 या 28.01.2026 को आहूत करने पर सहमति बनी। अधिषद् की बैठक की तिथि निर्धारण हेतु उपरोक्त तीनों तिथियों में से एक तिथि का निर्धारण करने हेतु एक अनुरोध पत्र माननीय कुलाधिपति–सह–राज्यपाल महोदय को भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि अधिषद् की तैयारी एवं संबंधित अन्य व्यवस्था को देखने तथा सफल आयोजन हेतु प्रो0 अजय नाथ झा, निदेशक, डॉ0 ए0पी0जे0ए0के0 डब्लू0आई0टी0, दरभंगा, परामर्शी (Advisor) के रूप में कार्य करेंगे।

इस कार्य हेतु माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

अन्यान्य मदः

[53]

अन्यान्य मद	1	वित्त समिति की बैठक दिनांक 07.10.2025 एवं 09.10.2025 के कार्यवृत्तों के अनुमोदन पर विचार।
निर्णय	:	**वित्त समिति की बैठक दिनांक 07.10.2025 एवं 09.10.2025 के कार्यवृत्तों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**
अन्यान्य मद 2		अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय कबड्डी (महिला) टीम की सहभागिता दिनांक 07 से 11 नवम्बर 2025 तक यूनिवर्सिटी ऑफ लद्दाख (कारगिल कैम्पस) में नई दिल्ली से लेह/श्रीनगर तक की यात्रा वायु मार्ग से किए जाने पर विचार।
निर्णय	:	**अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय कबड्डी (महिला) टीम की सहभागिता दिनांक 07 से 11 नवम्बर 2025 तक यूनिवर्सिटी ऑफ लद्दाख (कारगिल कैम्पस) जाने हेतु नई दिल्ली से लेह/श्रीनगर तक की यात्रा वायु मार्ग से करने तथा इस पर होने वाले अनुमानित व्यय को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**
अन्यान्य मद	3	चतुर्थ चरण वाले महाविद्यालयों से संबंधित अद्यतन जानकारी हेतु डॉ0 अमर कुमार के प्रस्ताव पर विचार।
निर्णय	:	**माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से, प्रो0 विजय कुमार यादव ने सदन को सूचित किया कि समिति का कार्य सम्यक रूप से चल रही है तथा दिपावली एवं छठ पूजा के अवकाश के पश्चात कार्यालय खुलने पर एक अंतिम बैठक कर, समिति का प्रतिवेदन राज्य सरकार को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेज दी जायेगी।**

सभी माननीय सदस्यों को अध्यक्ष महोदय द्वारा दिपावली एवं छठ पूजा की शुभकामना प्रेषित किया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमति से कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों को बैठक के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग, महत्वपूर्ण सुझाव तथा कीमती समय दिये जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। तदुपरान्त, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से, बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

(डॉ0 दिव्या रानी हंसदा)
कुलसचिव–सह–सचिव

(प्रो0 संजय कुमार चौधरी)
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ज्ञापांक :– UB-819/25 दिनांक–18.10.2025

प्रतिलिपि प्रेषित–

1. **अभिषद् के सभी सदस्य,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. **सचिव, उच्च शिक्षा,** बिहार पटना;
3. **निदेशक, उच्च शिक्षा,** बिहार पटना;
4. **उप–सचिव,** राज्यपाल सचिवालय, बिहार पटना;
5. **सभी पदाधिकारी,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. **नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट),** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. **कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

18-10-25

कुलसचिव